Total Pages : 8

LN-94

B.A. (Part-III) Examination, 2023

(New)

HINDI LITERATURE

[Paper : First]

(जनपदीय भाषा–साहित्य छत्तीसगढ़ी)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

निर्देशः सभी प्रश्न अनिवाय हैं। निर्धारित अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए– [3×7=21]

(क) गुरु पइयां लागवं नाम लखा दीजो हो।।

जनम–जनम का सोया मनुवा, सब्दन मार जगा दीजो हो।

घट अंधियार नैन नहिं सूझे, ज्ञान का दीप जगा दीजो हो।
विष की लहर उठत घट अंतर, अमृत बूंद चुंवाय दीजो हो।
गहिरी नदिया अगम बोहाय, खेय के पार लगा दीजो हो।
धरमदास की अरज गुसाई, अबकी पार लगाय दीजो हो।

(ख) अपन घर में जऊन हालत हे,
ओइसने ढंग के हमला पहिने
ओढ़े के ये, खाये पिये के है।
ओमे कुछु सरम के बात नोहय।
देखावा झन करय।
या फेर अपन ल छोटे झन
सोचय–"आज के बासी संग काल के साग,
अपन घर मं, का के लाज।"

(ग) बैसाखू
सेठ इहाँ जाके
जांगर पेर के
महल–अटारी बनाये

घर भर के सबो

छाँव भर कलपथें

फेर माटी के बेटा

माटी के घर-कुरिया नई बना सकै।

(घ) छै बित्ता के मनरवै देखौ,

का का जिनिस बिसा लेचे।

आगी पानी पवन अकासा,

मुइंया तको नंगा लेचे।।

2. संत काव्य की मुख्य प्रवृत्तियों को दृष्टि में रखते हुए धर्मदास के पदों की विवेचना कीजिए। [12]

अथवा

छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में मनाये जाने वाली विजयादशमी की तुलना कीजिए।

3. छत्तीसगढ़ी भाषा के विविध रूपों का वर्णन कीजिए। [12]

अथवा

छत्तीसगढ़ी साहित्य के इतिहास पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [5×3=15]

(i) पं. सुंदरलाल शर्मा को छत्तीसगढ़ का गाँधी क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए।

(ii) कपिलनाथ कश्यप द्वारा रचित प्रमुख रचनाओं को लिखिए।

(iii) चँदैनी गोंदा के महत्त्व को प्रतिपादित कीजिए।

(iv) छत्तीसगढ़ी देहाती कला विकास मंडल की स्थापना कब और किसने की?

(v) छत्तीसगढ़ी दानलीला के कथानक का उल्लेख कीजिए।

(vi) रामचन्द्र देशमुख का लोकनाट्य के क्षेत्र में योगदान का उल्लेख कीजिए।

(vii) छत्तीसगढ़ी कविता के वर्तमान परिदृश्य का उल्लेख कीजिए।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [15×1=15]

(i) संत धर्मदास का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ii) छत्तीसगढ़ी के 'परब' शब्द का हिंदी रूप लिखिए।

(iii) बैगानी भाषा किस जाति की भाषा है?

(iv) 'में जात हौं' शब्द का बहुवचन लिखिए।

(v) 'खूब तमाशा' का रचनाकाल क्या है?

(vi) छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की संख्या कितनी है?

(vii) पद्यप्रभा किसकी रचना है?

(viii) हाना किसे कहते हैं?

(ix) सोनपान किसका प्रतीक है?

(x) लोकमंच के पुरोधा किसे कहा जाता है?

(xi) छत्तीसगढ़ का गाँधी किसे कहा जाता है?

(xii) छत्तीसगढ़ी गजलकार का नाम लिखिए।

(xiii) डोकरा का स्त्रीलिंग क्या होगा?

(xiv) ठेठरी क्या है?

(xv) अब्बड़ शब्द का हिंदी रूप लिखिए।

(xvi) रामचन्द्र देशमुख के पिता का नाम बताइए।

(xvii) ऊँच-नीच नामक नाटक किसने लिखा?

(xviii) चंदा अमरित बरसाईस उपन्यास है या नाटक?

----x----